# कैंट विधायक श्री अशोक रोहाणी करेंगे पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में अंतर्कक्षीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

दिनांक 20 से 22 जनवरी, 2025 तक वेटरनरी महाविद्यालय सभागार एवं क्रीड़ा मैदान में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के मा. कुलगुरू प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय, जबलपुर अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में अंर्तकक्षीय सांस्कृतिक एवं खेलककूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के यशस्वी कैंट विधायक श्री अशोक रोहाणी जी द्वारा कल दिनांक 21.01.2025 को किया जावेगा।

सर्वप्रथम आज दिनांक 20 जनवरी, 2025 को खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, भाला फेक, गोला फेक एवं तवा फेक का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स बालिका वर्ग 100 मीटर प्रथम स्थान अंशिता शर्मा, दूसरा स्थान हन्शेश्वरी, 200 मीटर प्रथम स्थान नम्रता, दूसरा स्थान वर्षा व तीसरा स्थान आरती, 200 मीटर बालक वर्ग प्रथम स्थान शान रघुवंशी, दूसरा स्थान अविनाश सिंह व तीसरा स्थान सूरज जायसवाल। भाला फेक बालक वर्ग प्रथम स्थान अमन, दूसरा स्थान शरण कृष्णा व तीसरा स्थान अभिषेक मालवीय, भाला फेक बालिका वर्ग रश्मि सोनी, दूसरा स्थान सोनल दीक्षित व तीसरा स्थान आकांक्षा शुक्ला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत वाद–विवाद, तात्कालिक भाषण, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय **"इलेक्ट्रिक वाहन भविष्य की आशा या महज मिथक"** में प्रथम स्थान कामना बघेल, दूसरा स्थान सचिन सिंह व तीसरा स्थान मुस्कान अली को प्राप्त हुआ।





तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अपूर्वा डे, दूसरा स्थान अश्विन बारगल व हर्षित कौशिक एवं तीसरा स्थान जिया रायजाद को प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अपूर्वा डे, दूसरा स्थान अनन्या मिश्रा व ईशा यादव एवं तीसरा स्थान राघवी, सोनाली व यश ने प्राप्त किया। क्विज में प्रथम स्थान चतुर्थ वर्ष, दूसरा स्थान द्वितीय वर्ष एवं तीसरा स्थान अंतिम वर्ष के छात्रों ने प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम को लिटरेरी कमेटी की अध्यक्षा डॉ. अपरा शाही के निर्देशन में डॉ. विधि गौतम, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. बबिता दास, डॉ. रूचि यादव, डॉ. संजू मण्डल के द्वारा वाद विवाद एवं त्वरित भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। डॉ. वैशाली खरे द्वारा छात्रों के वक्तव्य कल के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय का आयोजन किया गया एवं डॉ. अनिल गट्टानी, डॉ. हरि आर एवं डॉ. राहुल शर्मा द्वारा क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें क्विज मास्टर डॉ. अपूर्वा मिश्रा व डॉ. पायल जैन रहे। छात्रों द्वारा सभी स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य सोनी द्वारा किया गया।



समस्त स्पर्धाओं की जजिंग अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. राखी वैश्य, डॉ. अंजू नायक, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. अंकुर खरे, डॉ. स्वाती गुप्ता, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. प्रगति पटैल, डॉ. आर.पी. सिंह, श्री प्रवीण सिंह एवं डॉ. राकेश बरैया द्वारा की गयी।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर